# 16 महीने में 10 बार पंचायत सचिव बदले

## मामला जनपद पंचायत क्षेत्र चितरंगी के ग्राम पंचायत खटाई का, जिला पंचायत सीईओ के कार्यप्रणाली से ग्रामीणों में नाराजगी

**सिंगरौली 2 अगस्त. जिले ही नही, बल्कि प्रदेश की खटाई एक ऐसी ग्राम पंचायत है, जहां पिछले वर्ष 2024 मार्च महीने से लेकर अब तक दो-चार नही, बल्कि 10 बार सचिव बदले गये हैं.**

सचिवों के बार-बार प्रभार में फेरबदल एवं तबादला किये जाने को लेकर जहां पंचायत का विकास कार्य पूरी तरह से अस्त-व्यस्त है. वही जिला पंचायत के जिम्मेदार सीईओ के कार्यप्रणाली से सरपंच के साथ-साथ ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है. अब ग्रामीण जिला पंचायत सीईओ को ही निशाने पर ले रहे हैं. जनपद पंचायत क्षेत्र चितरंगी के ग्राम पंचायत खटाई के सरपंच हिरामन देवी साहू ने बताया कि इस पंचायत में पिछले वर्ष 2024 के मार्च महीने से लेकर अब तक 10 बार पंचायत सचिव बदले जा चुके हैं. कुछ सचिव प्रभारी थे, तो कुछ का तबादला किया गया था. यह सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है. सरपंच ने बताया कि जिले की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके के निर्देश एवं अनुमोदन उपरांत 28 जुलाई को अरविन्द शर्मा बोदाखूंटा पंचायत से खटाई एवं भगवान सिंह को खटाई पंचायत से कोरसर कोठार के लिए तबादला किया गया. लेकिन ठीक तीन दिन बाद उक्त आदेश को जिला पंचायत सीईओ सिंगरौली ने निरस्त कर भगवान सिंह को यथावत खटाई में ही कर दिये जाने की चर्चा है.

सरपंच का आरोप है कि तीन दिवस के अंदर उक्त तबादला निरस्त करने के पीछे कहीं न कहीं राजनैतिक हस्तक्षेप है. सरपंच का यह भी आरोप है कि जब से मैं सरपंच बनी हूं, तब से पंचायत के कुछ लोगों को नागवार गुजर रहा है. ग्राम पंचायत खटाई की सरपंच हिरमन देवी की बातों पर गौर करे तो 16 महीने में 10 सचिवो का अदला-बदली की गई है. इस पंचायत में राजनीति के चलते कोई सचिव नहीं रह पा रहे हैं.

### धरना प्रदर्शन करेंगे

सरपंच पर दबाव नही है, लेकिन सचिव के सहारे पंचायत में दखल देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है और इसी के चलते इस पंचायत का विकास कार्य पूरी तरह से प्रभावित है. विकास कार्य न होने से ग्रामीणों में भी भारी नाराजगी बढ़ रही है. सरपंच ने आगे कहा कि सचिव भगवान सिंह पूर्व में सात वर्षो तक पदस्थ थे. उस दौरान लाखों रूपये की अनियमितता की गई है. यदि इन्हें फिर से खटाई पंचायत में भेजा जाता है तो ग्रामीण आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन करेंगे.

**जिला पंचायत में तबादला नीति की अनदेखी कर रहे**

म.प्र. के डॉ. मोहन यादव के सरकार ने 17 जून से तबादला पर रोक लगा दिया है. यहां बताते चले कि तबादला पर प्रतिबंध लगने के बाद मुख्यमंत्री के निर्देश या फिर विषम परिस्थिति में ही प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के उपरांत तबादला किया जा सकता है. हालांकि यहां पर 28 जुलाई के आदेश में जिले के प्रभारी मंत्री से अनुमोदन जरूर लिया गया है. लेकिन आरोप लगाया जा रहा है कि जब एक बार भगवान सिंह का तबादला खटाई से ग्राम पंचायत कोरसर कोठार कर दिया गया. अब निरस्त करने की कवायद क्यों की जा रही है. चर्चा है कि इसके पीछे कहीं न कहीं राजनीति हावी है. इस राजनीति के चलते पंचायत के कामकाज पर व्यापक विपरित प्रभाव पड़ रहा है. वही ग्रामीण अब जिला पंचायत सीईओ को भी सवालों के कटघर्रे में खड़ा करते हुये घोर नाराजगी भी व्यक्त कर रहे हैं. बताया जाता है कि वर्ष 2024 फरवरी महीने में रामाधार केवट सेवानिवृत्त हुये थे, उसके बाद अतिरिक्त प्रभार श्यामसुन्दर बैस को दिया गया था. उसके बाद अरविन्द शर्मा को पदस्थ किया गया. फिर श्यामसुन्दर बैस को वित्तीय प्रभार दिया गया.

# महिला विधायक के दबाव में हुआ निलंबन निरस्त

**हाईकोर्ट ने दिये बहाली के निर्देश**

जबलपुर, 2 अगस्त. मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने महिला विधायक के दबाव में किए गए सहकारी बैंक के सीईओ के निलंबन को अनुचित पाकर निरस्त कर दिया है। इसी के साथ अविलंब बहाल करने के निर्देश दिये है। एकलपीठ ने मामले में टिप्पणी करते हुए कहा है याचिकाकर्ता का निलंबन आदेश शक्तियों का दुरुपयोग करके महिला विधायक के दबाव में पारित किया गया है। याचिकाकर्ता सीधी निवासी राजेश रैकवार की ओर से पक्ष रखा गया। जिसमें कहा गया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की गांधीग्राम शाखा के एक क्लर्क का सीधी तबादला किया था। इससे नाराज होकर महिला विधायक ने पांच जून 2025 को फोन पर पहले याचिकाकर्ता को डांटा व धमकाया।

इसके बाद याचिकाकर्ता पर आरोप लगाया गया कि उसने विधायक, प्रभारी मंत्री प्रदीप जायसवाल व सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग के विरुद्ध अभद्र भाषा का इस्तेमाल करके अपशब्द कहे हैं। फिर विधायक के साथ दो और विधायकों ने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर जिले के प्रभारी मंत्री के जरिए 10 जून 2025 को याचिकाकर्ता को निलंबित करा दिया.

## विधायक की सदस्यता रद्द केस में फैसला सुरक्षित

**इंदौर.** बीना विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल के मामले में सदस्यता रद्द किए जाने को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच में बहस पूरी हो गई. कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने रिट पिटीशन दायर की है. इसमें कहा गया है कि कांग्रेस से निर्वाचित विधायक निर्मला सप्रे बीजेपी के साथ हैं, लेकिन उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया. याचिका में मांग की गई है है कि सप्रे ने पार्टी बदली है तो उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द की जानी चाहिए. इसके लिए पहले विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के समक्ष पत्र भेजा था.

## बैंक में जेवर रखने जा रही महिला का बैग चोरी

**ऑटो में बैठी नकाबपोश महिलाओं पर शक**

**जबलपुर 2 अगस्त. बैंक के लॉकर में जेवर रखने के लिये आटो में जा रही महिला के बैग में रखे जेवर चोरी हो गए. पीड़िता ने ऑटो में बैठी नकाबपोश महिलाओं पर शक जाहिर कर संजीवनी नगर थाने में मामला दर्ज कराया है.**



पुलिस ने बताया कि कल्याणी प्रसाद 70 वर्ष निवासी गंगानगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार को उसे अपनी बेटी नीति व्यास के यहां भोपाल जाना था, जिस कारण वह अपने पति के साथ घर में रखी ज्वेलरी को एसबीआई बैंक संजीवनी नगर में लॉकर में जमा करने पैदल दुर्गा मंदिर फूलसागर आये, वहां से पीले रंग के आटो में बैठ गये. उसके पति पीताम्बर प्रसाद ड्रायवर के पास तथा वह पीछे बैठी थी, उसके पर्स के अंदर रखे छोटे से पर्स में सोने की 1 जोड़ी झुमकी, 3 अंगूठी, एक अंगूठी में डायमंड लगा था,1 चैन,1 लाकेट, मोती का हार जिसमे सोने का लाकेट लगा था, 1 चैन सिंगल लाकेट वाली,1 टूटी हुई चूड़ी रखी हुयी थी.

आटो में पहले से 3 महिलायें बैठी थीं जो सफेद रंग का गमछा मुंह में बांधी हुयी थीं, तीनों साड़ी पहनी थी, आटो चलने लगा वह गिरने लगी तो दोनों हाथ से आटो के पाईप पकड़ ली आटो वाले ने हमें रायल स्कूल तिराहा पर छोड़ दिया था उसके पति ने आटो वाले को 20 रूपये किराया दिया आटो वाला कुछपुरा ब्रिज तरफ चला गया वह अपने पति के साथ पैदल बैंक जाकर पर्स देखी तो अंदर रखा छोटा पर्स गायब था कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया है.

## श्रेया टूल्स का संचालक 2 करोड़ का सोना लेकर फरार

**कटनी के शहर के सराफा बाजार में मचा हड़कंप**

**कटनी, 2 अगस्त. शहर के सराफा बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब श्रेया टूल्स के संचालक अंशुल सोनी पिता ओमप्रकाश सोनी रहस्यमय ढंग से लापता हो गया. लेकिन यह केवल गुमशुदगी का मामला नहीं था. बल्कि यह मामला बना कई छोटे कारीगरों और सराफा व्यापारियों की मेहनत और विश्वास के साथ धोखाधड़ी का गंभीर प्रकरण.**

करीब 30 से 35 सर्राफा कारोबारी और कारीगरों ने आज दुकानें बंद कर थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि अंशुल सोनी ने लगभग 2 किलो से अधिक सोना, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 2 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है, लेकर गायब हो गया. पीड़ितों का कहना है कि वह जेवर सप्लाई के नाम पर यह सोना इकट्ठा करता था और फिर कभी लौटा ही नहीं. वहीं,अंशुल सोनी की गुमशुदगी की रिपोर्ट 31 जुलाई को थाना कोतवाली में उसके परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई है. मोबाइल सीडीआर ट्रैकिंग के आधार पर अंतिम लोकेशन उमरिया में मिलने की बात सामने आई है.



### विश्वास पर चोट

सराफा एसोसिएशन के संरक्षण समिति सदस्य सुदर्शन सोनी ने बताया कि छोटे-छोटे कारीगरों ने 20 से 50 ग्राम तक सोना अपनी मेहनत की कमाई से इकट्ठा कर अंशुल को जेवर बनाने व सप्लाई के लिए दिया था. परंतु अंशुल ने उनके साथ विश्वासघात कर सबकुछ लेकर भाग जाने जैसा घिनौना कृत्य किया. जब व्यापारियों ने अंशुल को फोन किया तो उसका मोबाइल बंद मिला. आपस में चर्चा और काफी इंतजार के बाद सभी को यह यकीन हो गया कि वह एक बड़ी ठगी के शिकार हो गए हैं.

# रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में सजी राखियों की दुकानें

नवभारत न्यूज

**झाबुआ। शहर में रक्षाबंधन पर्व को लेकर बाजार में राखियों की दुकाने जगह-जगह सज चुकी है और इन दुकानों पर खरीदी का दौर भी शुरू हो गया है। रक्षाबंधन पर्व कैलेंडर अनुसार 9 अगस्त को मनाया जाएगा। रक्षाबंधन पर्व को लेकर अलग-अलग ज्योतिषाचार्यों एवं पंडितों द्वारा मुर्हुत निकाले जाते है। पर्व को लेकर लोगों द्वारा खरीदी शुरू कर दी गई है।** जिसमें बहने बाहर रहने वाले अपने भाईयों के लिए राखियों की दुकानों से रक्षासूत्र की खरीदी कर पोस्ट ऑफिस, कोरियर आदि के माध्यम से भिजवाई जा रहीं है। इसके साथ ही बाजारों में किराना, मिठाई, एव्हरफ्रेश एवं नारियल की दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिल रहीं है। बाजार में राखियों की दुकाने मेन बाजार, थांदला गेट, जिला चिकित्सालय मार्ग, श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहा एवं राजवाड़ा पर सजी हुई है, जहां पहुंचकर बहने अपने भाईयों के लिए राखियां पसंद कर रहीं है।




### 250 तक की राखियां उपलब्ध

श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहे पर राखी का व्यवसाय कर रहे विक्की सोलंकी ने बताया की उनकी दुकान पर 5 से लेकर 250 रू. तक की राखियां मौजूद है। जिसमें स्टोन, रूद्राक्ष राखी, ब्रेसलेट वाली राखी एवं बच्चों की कार्टन वाली राखियों की मांग अधिक है। इसके अलावा रक्षा सूत्र कलावे की भी खरीदी हो रहीं है। राखियों में नई वैराईटियों में कृष्णा राखी, भाभी राखी, कपल राखी, फैंसी राखी मौजूद है। जिनकी किमत 30 से लेकर 250 रू. तक है। विक्की के अनुसार वह दिल्ली एवं इंदौर से राखियों की खरीदी करके लाए है।

## भतीजे ने की चाची की हत्या, जादू टोना का शक

**हत्या करने के बाद आरोपी फरार, पुलिस कर रही तलाश**

**सिंगरौली 2 अगस्त. जिले के सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत बरका चौकी के महुली गांव में बीती रात एक युवक ने जादू टोने के शक पर अपने ही चाची के साथ बेरहमी से मारपीट करते हुये गला घोट कर हत्या कर दिये जाने का मामला सामने आया है.**

घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी स्थल पहुंच वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को घटना क्रम से अगवत कराया है. पुलिस आरोपी की तलाश में जगह-जगह छापामार कर रही है. वही चर्चा है कि आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस के सामने सरेण्डर कर दिया है. स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बरका पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम महुली निवासी गोविन्द सिंह की शादी हुये कई साल हुई थी. लेकिन गोविन्द के पत्नी को बच्चे नही हो रहे थे. कई जगह इलाज एवं झाड़फूक करा रहा था. इसी बीच किसी ओझा ने बता दिया कि प्रेतबाधा एवं जादू टोना लगा है. इस अंधविश्वास में पड़ कर गोविन्द ने ओझा का सहारा लेना तेज कर दिया. कहीं से उसे पता चला कि उसी के चाची मानवती ने जादू टोना किया है.

**मृतिका का पति भागा, दूसरा भतीजा करता रहा जद्दोजहद**

जानकारी के अनुसार जिस वक्त आरोपी गोविन्द सिंह मृतिका के घर पहुंचा और अपनी चाची के साथ मारपीट करने लगा. जहां मृतिका का पति इस बहसी युवक भतीजे को गुस्सा को देख भाग खड़ा हुआ. वही मृतिका का दूसरा भतीजा कमलभान सिंह अपने चाची की जिंदगी बचाने के लिए संघर्ष कर टक्कर लेता रहा. लेकिन यहां पर कमलभान आरोपी के आगे कमजोर पड़ गया. वह भी अपनी जान बचा कर भाग खड़ा हुआ. कमलभान के अनुसार आरोपी उसके साथ भी मारपीट किया है. पुलिस चौकी प्रभारी नृपेन्द्र सिंह ने बताया कि महुली गांव में एक महिला की गला घोट कर हत्या कर दी गई है. आरोपी की तलाश की जा रही है. प्रथम दृष्टया में जादू टोना के शक पर घटना का अंजाम दिया गया.

## कवला तालाब से वन विभाग ने पकड़ा मगरमच्छ, नदी में छोड़ा

**वन विभाग की टीम ने किया रेस्क्यू**

**मंदसौर 2 अगस्त.** ग्राम कवला स्थित तालाब से वन विभाग की टीम ने शनिवार को एक मगरमच्छ को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर पकड़ा और उसे चंबल नदी के गहरे जल क्षेत्र में छोड़ दिया. यह कार्यवाही हाल ही में तालाब में एक महिला पर हुए प्राणघातक मगरमच्छ हमले के बाद की गई है.

जानकारी के अनुसार, घटना के तुरंत बाद वन विभाग ने मंदसौर से विशेष पिंजरा मंगवाया और तालाब में लगाया गया. कुछ दिनों के भीतर ही एक छोटा मगरमच्छ पिंजरे में कैद हो गया. इसके बाद वन विभाग की टीम ने उसे सुरक्षित रूप से चंबल नदी में छोड़ दिया. इस रेस्क्यू अभियान में वन विभाग के अधिकारी अंकित भदौरिया, वनरक्षक राजा बाबू, सुरक्षा श्रमिक चांद मोहम्मद, वाहन चालक करू लाल और अन्य वन्य कर्मचारीगणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा. हालांकि खतरा अभी टला नहीं है.

ग्राम सरपंच जय सिंह गौड़ ने बताया कि पिंजरे में जो मगरमच्छ पकड़ा गया है वह छोटा है, जबकि वह बड़ा मगरमच्छ, जिसने महिला और पशुओं पर हमला किया था, अभी भी तालाब में मौजूद है. उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत ने पूरे गांव में चेतावनी जारी की है.

## सड़क पर किए अतिक्रमण को ननि ने तोड़ा

**रीवा, 2 अगस्त. शहर में अतिक्रमण पर रोकथाम हेतु नगर निगम अमले द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है. नगर निगम टीम ने वार्ड क्रमांक 42, जगन्नाथ मंदिर के सामने औद्योगिक क्षेत्र की सडक़ पर नाले के ऊपर और सडक़ पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की.**

अतिक्रमणकारियों द्वारा नाले के ऊपर स्थायी निर्माण कर कब्जा किया गया था, जिससे नाले में जलनिकासी अवरुद्ध हो रही थी. इससे वर्षा के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो रही थी. उक्त समस्या के निराकरण हेतु नगर निगम द्वारा कार्रवाई करते हुए नाले के ऊपर जो अवैध निर्माण कर कब्जा किया गया था, उसे तोडऩे की कार्रवाई की गई.



गौरतलब है कि लगभग एक माह पूर्व अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे. निर्देश का पालन न करने पर शनिवार को कार्यपालन यंत्री श्री एचके त्रिपाठी के नेतृत्व में नगर निगम टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से करीब 20 घरों द्वारा किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया. इस दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु पुलिस बल मौजूद रहा. उक्त कार्यवाही में सहायक यंत्री पीएन शुक्ला एवं उपयंत्री, अतिक्रमण सहायक के साथ अतिक्रमण अमला मौजूद रहा.

## देवास में मासूम भाई व बहन की रहस्यमयी मौत

**देवास.** शहर के ढांचा भवन इलाके में एक मां ने अपने दो मासूम बच्चों को हमेशा के लिए खो दिया. तीन साल की बच्ची निशा और सात साल का हेमंत दोनों भाई-बहन रात को सोए, लेकिन सुबह नहीं जागे. बच्चों की मां प्रिया यादव का रो-रो कर बुरा हाल है. उसने बताया कि रात को सब कुछ सामान्य था. पड़ोस में रहने वाले एक बच्चे का जन्मदिन मनाकर घर लौटी थी. बच्चों को खाना खिलाया और फिर सो गए. लेकिन सुबह जब उठाने गई, तो दोनों बिल्कुल भी हिले-डुले नहीं.घबराकर तुरंत पड़ोसियों को बुलाया गया. बच्चे को पहले संस्कार हॉस्पिटल ले जाया गया, फिर जिला अस्पताल, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया.

## एटीएम को काटकर लाखों रुपए उड़ा ले गए बदमाश

**जैन धर्मकांटे के सामने का मामला**

**गुना, 2 अगस्त. सिटी कोतवाली थानांतर्गत जैन धर्मकांटे के सामने स्थित एसबीआई के एटीएम से लाखों रुपए चोरी करने का मामला सामने आया है. घटना शुक्रवार-शनिवार रात की है.**

इस दौरान बदमाशों ने एटीएम के आगे के हिस्से को पूरी तरह काटकर दरवाजे के पल्ले की तरह अलग कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर टीआई सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं. चोरी गई रकम लाखों में बताई जाती है. फिलहाल मामले की जांच चल रही है. इस बारे में मालकिन सिंघई ने बताया कि रात का तो पता नहीं है सुबह घर के बाहर की कुंदी लगी थी. बाहर से एक लड़के को बुलाकर कुंदी खुलवाई. जिसके बाद वह बाहर झाडू लगाने गई तो एटीएम की शटर आधी लगी थी. झांककर अंदर देखा तो एटीएम पूरी कटी हुई थी और अंदर सब्बल, पाना सहित अन्य औजार भी पड़े थे.



**सुर्पुदगी** सैंकड़ों चेहरों में लौटी मुस्कान, रक्षाबंधन के पहले पुलिस ने दिया तोहफा

# 44 .75 लाख के 251 मोबाइल बरामद

**छिंदवाड़ा 2 अगस्त. भाई-बहनों का पर्व रक्षाबंधन के पूर्व पुलिस विभाग ने गुमे हुए 251 मोबाइल ढूंढकर इनके चेहरों पर मुस्कान लौटा दी है. बाजार में इन मोबाइलों की कीमत 44.75 लाख रूपए बताई है.**

पुलिस ने कंट्रोल रूम में प्रेववार्ता कर इन माबाइलों को उनके धारकों के सुर्पुद कर दिए है. सभी घारकों ने पुलिस विभाग को धन्यवाद प्रेषित किया है. जानकारी अनुसार विगत कुछ महीनों में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मोबाइल फोन गुम होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं. इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी अजय पाण्डेय के आदेशानुसार एवं एएसपी आयुष गुप्ता के निर्देशन में जिला सायबर सेल टीम ने गुम मोबाइल फोन की शिकायतों पर कार्रवाही कर सफलता प्राप्त की है. सायबर सेल ने तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से 251 मोबाइल, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत आरएस 44.75 लाख है.



इससे पूर्व भी पुलिस ने गुम मोबाइल संबंधित शिकायतों पर कार्यवाही कर नागरिकों को राहत पहुंचाई गई है. इस बार रक्षाबंधन के पर्व से पहले खोए मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरों पर फिर एक बार मुस्कान लौट आई. उपरोक्त मोबाईल को बरामद करने में सायबर सेल टीम से आर. आदित्य रघुवंशी, नितिन सिंह, अभिषेक ठाकुर, राहुल डडोरे, अंकित शर्मा एवं मोहित चन्द्रवंशी द्वारा सराहनीय कार्य किया गया.

## 15 साल के लड़के के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**ग्वालियर, 2 अगस्त.** तिघरा थाना इलाके में बिठौली के जंगल में एक 15 साल के नाबालिग लड़के के साथ हैवानियत की गई. पीड़ित लड़के के मुताबिक गांव के ही रहने वाले तीन युवक उसे जंगल में ले गए थे जहां उसके साथ तीनों ने सामूहिक कुकर्म किया. वो चीखता-चिल्लाता रहा, छोड़ देने की गुहार लगाता रहा लेकिन तीनों युवकों का दिल नहीं पसीजा और तीनों युवकों ने उसके साथ दरिंदगी की. आरोपियों ने कुकर्म करते वक्त वीडियो भी बनाया है .हैवानियत का शिकार होने के बाद पीड़ित किसी तरह वापस अपने घर पहुंचा और परिजन को जंगल में हुई पूरी घटना बताई जिसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे.

## सिवनी में गौ-तस्करी, एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**सिवनी, 2 अगस्त. बंडोल पुलिस ने कत्लखाने ले जाने के इरादे से क्रूरतापूर्वक मवेशियों का परिवहन कर रहे आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है. पुलिस ने इस दौरान तीन मवेशी और एक मोटरसाइकिल जब्त की है, जबकि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है.**

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देश पर, बंडोल पुलिस टीम को 2 अगस्त, 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध रूप से मवेशियों का परिवहन कर रहे हैं. इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए, पुलिस ने ग्राम कलारबांकी से 1 किमी आगे खैरी रोड पर घेराबंदी की. पुलिस ने देखा कि तीन व्यक्ति एक मोटरसाइकिल से मवेशियों को मारते-पीटते और दौड़ाते हुए नागपुर के कत्लखाने ले जा रहे थे. पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए साबिर पिता अब्दुल राजिक खान निवासी खैरी, थाना कान्हीवाड़ा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया. हालांकि, उसके दो साथी, शमी पिता हकीम खान और दस्सू पिता ठेंगरी मरार, मौके से भागने में सफल रहे, जिनकी तलाश जारी है. पुलिस ने मौके से तीन गाय-बछिया, जिनकी कीमत 22,000 रुपये है, और अवैध परिवहन में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल जब्त कर ली है.

## स्कूल में आठवीं की छात्रा को सर्प ने डंसा

**दमोह 2 अगस्त.** जिले के बनवार शासकीय उच्चतम माध्यमिक शाला में एक कक्षा आठवीं की छात्रा रचना पिता सूरज सिंह लोधी 12 वर्ष निवासी लरगुआं पटी को सर्प ने डस लिया.जिसे परिजन शनिवार दोपहर आनन-फानन में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लेकर जहां छात्रा का इलाज आईसीयू वार्ड में किया जा है. कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर व जिपं सीईओ प्रवीण फुलपगारे को खबर लगते ही डीपीसी मुकेश द्विवेदी और बीआरसी जबेरा प्रमेंद्र वैद्य व शिक्षा सम्बंधित अधिकारी पहुंचे.जहां उन्होंने छात्र के बारे में परिजनों और डॉक्टर से जानकारी ली और बेहतर उपचार करने की बात कही. डॉक्टरों का कहना था कि छात्रा को सर्प नहीं डसा है.